महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Website: www.msdsu.ac.in

25.969427, 83.218566

पत्रांकः–5658/ कु0का0 / 2025 दिनांकः 19 फरवरी, 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / नोडल अधिकारी, डिजिशक्ति पोर्टल,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषयः– डिजिशक्ति पोर्टल के क्रियान्वयन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पूर्व में पत्रांक 3020 / कु0का0 / 2024 दिनांक 27 / 02 / 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि शासनादेश के अनुसार प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट / स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की गयी है, जिसके क्रम में महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ नोडल संस्था के रूप में कार्यरत है।

उक्त सन्दर्भ में आपको निर्देशित किया जाता है कि MS Excel शीट में सभी अपेक्षित विवरण (नामांकन संख्या, माता–पिता का नाम, पता आदि) निर्धारित प्रारूप में ठीक प्रकार से भरें। निर्धारित प्रारूप में विवरण भरे जाने के पश्चात पात्र छात्रों–छात्राओं का विवरण केवल एक बार ही अपलोड किया जाना है किसी भी दशा में किसी भी छात्र–छात्रा का विवरण एक बार से अधिक अपलोड न करें गलत विवरण भरे जाने व छात्र–छात्राओं का विवरण एक बार से अधिक अपलोड किये जाने की स्थिति में महाविद्यालय पूर्णतः उत्तरदायी होंगे।

यह भी आवश्यक है कि छात्रा–छात्राओं का व्यक्तिगत विवरण सही भरे जाने के पश्चात छात्र–छात्राएं जिस शैक्षणिक वर्ष, कोर्स, सेमेस्टर आदि में हो उसमें ही उनका डाटा अपलोड किया जाए तथा उस सेमेस्टर के सभी छात्रों का डाटा एक साथ महाविद्यालय द्वारा अपलोड एवं वेरीफाई किये जायें तथा केवाईसी के पश्चात महाविद्यालय स्तर से वेरीफाई करने के उपरान्त प्रति विश्वविद्यालय में अवश्य जमा करें जिससे समयांतर्गत जांचोपरांत डाटा को अप्रूव किया जा सके।

भवदीय

(विशेश्वर प्रसाद) 19.02.25
कुलसचिव

डॉ0 (अरुण कुमार सिंह)
नोडल अधिकारी
महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय,
आजमगढ़

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner